कायाकल्प पुरस्कार

drishtiias.com/hindi/printpdf/kayakalp-awards

चर्चा में क्यों?

हाल ही में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (Ministry of Health and Family Welfare) ने स्वच्छता और स्वच्छता के उच्च मानकों के लिये सार्वजनिक तथा निजी स्वास्थ्य सुविधाओं को **5वें राष्ट्रीय कायाकल्प पुरस्कार (Kayakalp Awards)** से सम्मानित किया है।

प्रमुख बिंदु

- **पृष्ठभूमि:**
  मंत्रालय ने **भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में स्वच्छता और साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिये** 15 मई, 2015 को एक **राष्ट्रीय पहल 'कायाकल्प'** की शुरुआत की।
- **कायाकल्प पुरस्कार के संबंध में :**
  ऐसे ज़िला अस्पताल, उप-विभागीय अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के तहत स्वास्थ्य तथा कल्याण केंद्र जिन्होंने उच्च स्तर की स्वच्छता, साफ-सफाई एवं संक्रमण पर नियंत्रण पाया है, उन्हें इन पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।
- **उद्देश्य:**
  - इसका उद्देश्य ऐसी सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं को प्रोत्साहित कर उनकी पहचान करना जो कि स्वच्छता और संक्रमण पर नियंत्रण के लिये मानक प्रोटोकॉल का पालन कर अनुकरणीय कार्य करते हैं, साथ ही सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में स्वच्छता, साफ-सफाई और संक्रमण नियंत्रण प्रथाओं को बढ़ावा देना है।
  - स्वच्छता और साफ-सफाई से संबंधित प्रदर्शन के सतत् मूल्यांकन और सहकर्मी समीक्षा की संस्कृति विकसित करना।
  - सकारात्मक स्वास्थ्य परिणामों से जुड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार से संबंधित स्थायी प्रथाओं के निर्माण और उन्हें साझा करना।

कायाकल्प के तहत अन्य पहल:

- **मेरा अस्पताल (Mera Aspataal):**
  मेरा अस्पताल पहल की शुरुआत अस्पताल में दी जाने वाली सेवाओं के बारे में मरीज़ों की प्रतिक्रियाओं को जानने और उसके अनुरूप सुधारात्मक उपाय कर सेवाओं को बेहतर बनाने के लिये की गई थी।
- **स्वच्छ स्वस्थ सर्वत्र (Swachh SwasthSarvatra-SSS)** :
  केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने केंद्रीय पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय के सहयोग से स्वच्छ स्वस्थ सर्वत्र कार्यक्रम की शुरुआत की है। इसके अंतर्गत खुले में शौच मुक्त ब्लॉक में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत सुधार गतिविधियों के लिये एकमुश्त 10 लाख रुपए दिये जाते हैं।

स्रोत: PIB